निवेशकों के लिए प्रदेश को बनाएंगे सबसे आकर्षक गंतव्य : गोयल

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: प्रदेश में कारोबार में सुगमता के लिए सुधारों को नई गति देने के लिए सोमवार को मुख्य सचिव एसपी गोयल की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इसमें 'अनुपालन न्यूनीकरण एवं विनियमन शिथिलीकरण-2025' के तहत विभिन्न विभागों के प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए अनावश्यक नियमों और अनुपालन के बोझ को कम करने, निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने तथा उद्योगों के लिए अधिक अनुकूल वातावरण तैयार करने पर जोर दिया गया। मुख्य सचिव ने कहा कि डीरेगुलेशन 2.0 के तहत किए जा रहे सुधारों से प्रदेश में निवेश आकर्षित होगा, उद्योगों की स्थापना में तेजी आएगी, एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा जिससे रोजगार बढ़ेंगे।

खबर पढ़ने के लिए स्कैन करें क्यूआर